प्रेस – विज्ञप्ति
राजस्व विभाग, उ0प्र0
लेखपाल भर्ती परीक्षा– 2015

जनपद का नाम– मेरठ

परीक्षा का नाम : लेखपाल राजस्व

विज्ञापन संख्या 858 /भूलेख–सात/एल0आर0सी0 दिनांक 10.06.2015

आवेदन पत्र स्वीकार (**Submit**)किये जाने की अंतिम तिथि – 22 जुलाई, 2015

परीक्षा शुल्क बैंक में जमा करने की अंतिम तिथि– 21 जुलाई, 2015

प्रतियोगितात्मक परीक्षा द्वारा लेखपाल के पद पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से निर्धारित प्रारूप पर आन–लाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। लिखित परीक्षा दिनांक 30 अगस्त, 2015 को किया जाना प्रस्तावित है। परीक्षा के समय तथा स्थल का उल्लेख प्रवेश पत्र पर उल्लिखित रहेगा, जिसे अभ्यर्थियों द्वारा आन–लाईन प्राप्त किया जा सकता है।

रिक्तियों का विवरण

क्रम	पदनाम	दिनांक 01.07.2015 को आयु	वेतनमान	कुल रिक्त पदों की संख्या	सामान्य जाति	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछडी जाति	पद हेतु शैक्षिक अर्हता	पद हेतु अधिमानी अर्हता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	लेखपाल	न्यूनतम 18 वर्ष अधिकतम 40 वर्ष	रू0 5200–20200 (ग्रेड पे– 2000)	50	01	शून्य	04	45	माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 की इण्टरमीडियेट परीक्षा या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अन्य परीक्षा में उत्तीर्ण।	1–प्रादेशिक सेना में न्यनतम दो वर्ष की अवधि तक सेवा की हो, या 2– राष्ट्रीय कैडेट कोर का "बी" प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो।

1– लेखपाल पदों की भर्ती उ0प्र0 लेखपाल सेवा नियमावली 2006 यथा संशोधित 2014 एव समय–समय पर जारी किये गये शासनादेश एवं परिषदादेश के अनुसार लिखित वस्तुनिष्ठ परीक्षा 80 अंक की तथा साक्षात्कार 20 अंक का होगा।

2– दिनांक 01.07.2015 को अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है साथ ही उक्त दिनांक को अभ्यर्थी की आयु 40 वर्ष से अधिक न हो । रिक्त पदों की संख्या को बढाया या कम किया जा सकता है। अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति अन्य पिछडा वर्ग के लिये आरक्षण विद्यमान शासकीय नियमों के अनुसार दिया जायेगा। इसी प्रकार क्षैतिज आरक्षण के अन्तर्गत आने वाली श्रेणियों यथा उ0प्र0 के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित उ0प्र0 के भूतपूर्व सैनिकों, उ0प्र0 समाज के विकलांगों तथा उ0प्र0 की महिला अभ्यर्थियों को भी विद्यमान अद्यतन शासकीय नियमों के अनुसार रिक्तियां बनने पर आरक्षण अनुमन्य होगा।

3–ऑन–लाईन फार्म दिनांक 22.06.2015 से दिनांक 22.07.2015 तक जमा किये जा सकेंगे। सामान्य और पिछडा वर्ग के अभ्यर्थियों से रू0 300/–'(+बैंक प्रभार अतिरिक्त) तथा उ0प्र0 के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को रू0 150/–(+बैंक प्रभार अतिरिक्त) का आवेदन शुल्क ई–चालान के माध्यम से जिलाधिकारी के पक्ष में देय होगा, जिसका उल्लेख ऑन लाईन आवेदन प्रपत्र पर किया जायेगा।

4– प्रदेश के सभी जनपदों में परिषद द्वारा निर्धारित तिथि व समय पर लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी। आवंटित परीक्षा केन्द्र पर ही अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी होगी। परीक्षा केन्द्र परिवर्तन अनुमन्य नहीं होगा तथा इस संबंध में कोई भी प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं होगा ।

5– परीक्षा वस्तुनिष्ठ 80 अंक की तथा साक्षात्कार 20 अंक का होगा,। परीक्षा संबंधी जानकारी के संबंध में तिथि, समय और परीक्षा एवं साक्षात्कार के आयोजन स्थल उम्मीदवारों को ई–प्रवेश पत्र के माध्यम से अभ्यर्थियों द्वारा डाउनलोड किया जायेगा, जो कि परिषद की वेबसाइट, http://bor.up.nic.in और जिले की वेबसाइट http://meerut.nic.in पर उपलब्ध होगा।

6– ऑन लाइन आवेदन का प्रारूप, आफ लाइन परीक्षा संबंधी निर्देश अन्य सामान्य निर्देश एवं परीक्षा संबंधी अन्य प्रासंगिक जानकारी व सम्पूर्ण विवरण दिनांक 22.06.2015 से परिषद की वेबसाइट http://bor.up.nic.in और जिले की वेबसाइट http://meerut.nic.in पर उपलब्ध हो जायेगा।

अध्यक्ष चयन समिति/जिलाधिकारी
जनपद–मेरठ।

प्रेषक,

जिलाधिकारी,
मेरठ ।

सेवा में,

आयुक्त एवं सचिव,
राजस्व परिषद, उ0प्र0
अनुभाग–4, लखनऊ

पत्रांक 860 / सात–भूलेख / एल0आर0सी0 दिनांक 19 06.2015

विषयः– लेखपाल भर्ती परीक्षा–2015 हेतु प्रेस विज्ञप्ति का प्रकाशन ।

महोदय,

कृपया मा0 परिषदादेश संख्या 1759 / 4–34ए / 2013 दिनांक 4 जून 2015 का सन्दर्भ ग्रहण करने का का कष्ट करें, जिनके अन्तर्गत लेखपाल भर्ती परीक्षा–2015 हेतु प्रेस विज्ञप्ति जारी किये जाने के सम्बंध में निर्देश जारी किये गये है। इस सम्बंध में अवगत कराना है कि जनपद मेंरठ में लेखपाल की 50 रिक्तियां विद्यमान है, जिनमें सामान्य जाति 01 अन्य पिछडा वर्ग 45 तथा अनुसूचित जनजाति 04 पद रिक्त हैं, जिनके सम्बंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी गयी है।

अतः जनपद मेरठ से सम्बन्धित लेखपालों की भर्ती सम्बंधी प्रेस विज्ञप्ति की छाया प्रति संलग्न कर अवलोकनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की रही हे।

संलग्नक– उपरोक्तानुसार

भवदीय,

(गौरव वर्मा)
अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)
मेरठ।

<u>संख्या व दिनांक – उपरोक्तानुसार</u>

प्रतिलिपिः– 1– आयुक्त मेरठ मण्डल,मेरठ की सेवा में (प्रेस विज्ञप्ति की छाया प्रति सहित) अवलोकनार्थ प्रेषित ।

860/ L.D.C. 2– जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, मेरठ को इस आशय से प्रेषित है कि लेखपालों की भर्ती से सम्बन्धित प्रेस विज्ञप्ति को जनपद की वेबसाईट पर अपलोड किये जाने के सम्बंध में ।

19.6.15

(गौरव वर्मा)
अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)
मेरठ।